हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

सिर्फ ₹3.00 में

गुरुवार, 22 जून 2017, लखनऊ, पांच प्रदेश, 20 संस्करण, नगर संस्करण

www.livehindustan.com

वर्ष 22, अंक 145, 22 पेज, मूल्य ₹ 3.00, आषाढ़, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी, विक्रम सम्वत् 2074

गोरखा रेजिमेंट की इलेवेन जीआर के खेल परिसर में योग करती सेना के परिवार की महिलाएं

छावनी परिषद में योग

छावनी परिषद में रक्षा संपदा के निदेशक एसएन गुप्ता के नेतृत्व में आरए बाजार के हाई स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में छावनी परिषद के अधिकारियों, कर्मचारियों, छावनी बोर्ड के स्कूलों के छात्रों ने योग के कठिन आसन किए।

मिनी स्टेडियम

समग्र योग साधना एवं अनुसंधान संस्थान की ओर से गोमतीनगर स्थित मिनी स्टेडियम में योग दिवस मना। संस्था आयोजक डॉ अवधेश शर्मा ने योग आसनों से परिचय करवाया। कार्यक्रम के बाद दिवाकर ने पौध वितरण किया।

सीडीआरआई

मूल आसन से लेकर शीर्षासन तक

जानकीपुरम विस्तार स्थित सीएसआईआर-सीडीआरआई में इंटरनेशनल योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। वरिष्ठ रेजीडेंट सर्जन, बीआरडी मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर डॉ. दीनानाथ पटेल ने विभिन्न योग आसनों का प्रदर्शन किया। उन्होंने कुछ मूल आसनों का प्रदर्शन किया और शीर्षासन जैसे जटिल आसनों का भी प्रदर्शन कर प्रतिभागियों को सिखाया।

सिविल डिफेंस

प्रार्थना से हुई शुरुआत

नागरिक सुरक्षा संगठन प्रखंड आलमबाग के स्वयं सेवकों ने योग दिवस मनाया। आलमबाग स्थित इकोगार्डन में पहुंचे डिविजनल वार्डन, योग शिक्षक असीम श्रीवास्तव के नेतृत्व में योग अभ्यास की शुरुआत प्रार्थना से हुई। डिप्टी डिवीजनल वार्डन अजय राजपूत,पोस्ट वार्डन उमा शरण शर्मा समेत बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे।

पीएचडी चैम्बर्स

मानव एवं प्रकृति के बीच सामंजस्य

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने बुधवार को गोमतीनगर स्थित पीएचडी आफिस में योगाभ्यास किया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक रितेश खरबंडा ने बताया कि योग प्राचीन भारतीय परम्परा एवं संस्कृति की अमूल्य देन है। योग अभ्यास शरीर एवं मन विचार एवं कर्म की एकात्मकता तथा मानव एवं प्रकृति के बीच सामंजस्य स्थापित करता है।

रामकृष्ण मठ

एक माह से लग रहे थे शिविर

रामकृष्ण मठ निराला नगर में भी योग शिविर लगा। एक माह से रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम की ओर से दो स्थानों पर योग शिविरों का आयोजन किया गया। रामकृष्ण मठ, पूर्व प्रांगण, निराला नगर और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विभाग, विवेकानन्द पॉलीक्लीनिक और आयु संस्थान में शिविर लगे थे। समापन समारोह में सचिव स्वामी मुक्तिनाथानन्द ने लोगों का स्वागत किया।

आंचलिक विज्ञान नगरी

कई संस्थाओं ने लगाए शिविर

अलीगंज स्थित आंचलिक विज्ञान नगरी में योग शिविर का आयोजन किया गया। बारिश के कारण योगासन आर्ट गैलरी में कराया गया। विज्ञान नगरी के सदस्यों ने योगासन का अभ्यास किया। बारिश के कारण रजिस्ट्रेशन कराने वालों की संख्या कम रही। इस मौके पर विज्ञान नगरी के परियोजना समन्वयक राज मेहरोत्रा, शिक्षा सहायक राम कुमार, विकास, कैलाश आदि उपस्थित रहे।

निर्वाण केंद्र

नशे से भी छुटकारा दिलाता है योग

इस्माइलगंज स्थित निर्वाण मानसिक एवं नशा रोग हॉस्पिटल में भी योगाभ्यास हुआ। हॉस्पिटल के अध्यक्ष एचके अग्रवाल व निर्देशिका डॉ. शुभ्रा अग्रवाल ने बताया कि योगमृतम सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. राम किशोर की देखरेख में मानसिक व नशा रोगियों ने योगाभ्यास किया। डॉ. राम किशोर ने योग के फायदे गिनाए। उन्होंने बताया कि रोज योग से नशे से छुटकारा पा सकते हैं।

यहां भी हुआ योग: **गोसाईगंज:** विश्व वैदिक पीठ मुख्यालय की ओर से गोसाईगंज स्थित मीसा गांव में योग कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार रावत ने किया। मीसा गांव में योग प्रशिक्षक रघुवीर कश्यप की देखरेख में सुबह पांच से आठ बजे तक सैकड़ों ग्रामीणों ने योग किया।

जन कल्याण महासमिति: गोमतीनगर योग केन्द्र में महासमिति की ओर से योग शिविर लगाया गया। बारिश के बावजूद योग केन्द्र पर बड़ी संख्या में लोग योग साधना के लिए उपस्थित हुए। इस अवसर पर पर्यावरण वैज्ञानिक प्रो भरत राज सिंह ने लोगों को योग कि महता के बारे में बताया। कार्यक्रम में आरएस मिश्रा (सचिव) और सेवा निवृत्त डीजीपी जीएन सिन्हा भी मौजूद रहे।